राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लॉट नं 6–7, एवरेस्ट कॉलोनी, नियर अपेक्स मॉल, लाल कोठी, जयपुर–302015
फोन नम्बर 0141–2973804, 2988946 **Website:-** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

क्रमांकः– रा.पै.मेडि.कौं / पंजीयन / 2019 / 2771 **दिनांकः**– 15-11-19

–::सार्वजनिक सुचना::–

विषयः– राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल द्वारा पूर्व में जारी पैरामेडिकल प्रोफेशनल्स के पंजीयन प्रमाण–पत्रों के क्रम में

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल के पूर्व पत्र क्रमांक 2378 दिनांक 17.09.2019 के द्वारा परिपत्र में समस्त पंजीकृत पैरामेडिकल अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था कि कौंसिल के द्वारा पूर्व में जारी पंजीयन प्रमाण–पत्र साठ (60) दिवस के भीतर जमा करवाकर निःशुल्क नवीनतम प्रारूप में अपना पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है, के संबंध में इस पत्र के माध्यम से समस्त पंजीकृत पैरामेडिकोज अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों के द्वारा उक्त पत्र द्वारा निर्धारित समयावधि में अपना मूल पंजीयन प्रमाण पत्र राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल में जमा नहीं करवाये गये है तो ऐसे समस्त पंजीकृत अभ्यर्थियों को **अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 31.12.2019 सायंकाल 06.00 बजे तक अनिवार्यरूप से जमा करवाकर नवीन प्रारूप में निःशुल्क पंजीयन प्रमाण–पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करें।** यदि निर्धारित दिनांक के पश्चात् किसी अभ्यर्थी द्वारा नवीनतम पंजीयन प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करता है तो पैरामेडिकल कौंसिल द्वारा निर्धारित शुल्क अदा कर उपरान्त ही नवीन प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

अतः समस्त पंजीकृत पैरामेडिकोज प्रोफेशनल्स उपरोक्तानुसार नवीन प्रारूप में पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से कौंसिल द्वारा पूर्व में जारी मूल पंजीयन प्रमाण पत्र राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल को प्रस्तुत करें, जिससे नवीनतम प्रारूप में पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किये जा सकें। कृपया ध्यान रहें कि कौंसिल से पूर्व में जारी समस्त पंजीकृत अभ्यर्थियों को नवीन प्रारूप में प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य है।

15/11/19
(सोमदत्त दीक्षित)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार

क्रमांकः– रा.पै.मेडि.कौं / पंजीयन / 2019 / 2771 **दिनांकः**– 15-11-19

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैः–

1. श्रीमान् विशिष्ठ सहायक, माननीय चिकित्सा मंत्री महोदय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, राजस्थान, जयपुर।
2. श्रीमान् विशिष्ठ सहायक, माननीय राज्य मंत्री महोदय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, राजस्थान, जयपुर।
3. श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. उप शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–3) विभाग, जयपुर।
5. निदेशक (जन स्वास्थ्य) निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं एवं अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
6. समस्त पंजीकृत पैरामेडिकोज अभ्यर्थी को पालनार्थ।
7. निजी सहायक, रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर।
8. रक्षित पत्रावली।

15/11/19
रजिस्ट्रार